A-12 SEAT No.________ No. of Printed Pages : 02

SARDAR PATEL UIVERSITY
F. Y. B. A. (EXTERNAL) EXAMINATION
(2018 – 2019)

Friday, 05 April 2019

Time: 10: 00 AM To 01: 00 PM

FYBAHIN100 : आधुनिक हिन्दी कविता एवं हिन्दी व्याकरण

कुल गुण : 100

1. सन्दर्भ सहित व्याख्या कीजिए :

(अ) " किन्तु तुम्हारी इच्छा है तो मैं भी इन्हें मनाऊंगी , 08
रहो यहाँ तुम अहा ! तुम्हारा वर मैं इन्हें बनाऊंगी । "

अथवा

(अ) " नहीं जानता मैं , सहने को अब क्या है अवशेष रहा ? 08
कोई कह न सकेगा , जितना तुमने मेरे लिए सहा ! "

(ब) " लहरें टकराती अनंत की – पाकर जहाँ किनारा 08
हिम-कुम्भ ले उषा सवेरे – भरती ढुलक आती सुख मेरे
मदिर ऊंघते रहते जग –जग कर रजनी भर तारा। "

अथवा

(ब) " मुसलमान औ' हिन्दू हैं दो , एक ,मगर , उनका प्याला , 08
एक, मगर, उनका मदिरालय , एक, मगर, उनकी हाला ;
दोनों रहते एक न जब– तक , मस्जिद– मंदिर में जाते
बैर बढाते मस्जिद– मंदिर , मेल कराती मधुशाला ! "

(क) " आदमी का स्वप्न ? है वह बुलबुला जल का , 09
आज उठता और कल फिर फूट जाता है ,
किन्तु फिर भी धन्य ; ठहरा आदमी ही तो ?
बुलबुलों से खेलता , कविता बनाता है। "

अथवा

(क) "नीलम पर कितनों की सांझी एक न डोरी एक न मांझी , 09
फिर भी लाद निरंतर लातीं सेंदुर और प्रवाल ! "

2. ' पंचवटी ' खंड काव्य को ध्यान में रखते हुए लक्ष्मण का चरित्र-चित्रण कीजिए । 15

अथवा

2. खंडकाव्य के लक्षणों के आधार पर ' पंचवटी ' की समीक्षा कीजिए । 15

3. ' मधुशाला ' काव्य में कवि बच्चन के अभिप्रेत विचारों को समझाइए । 15

अथवा

3 ." ' भारत माता ' काव्य में भारत का ग्रामीण परिवेश उजागर हुआ है " – इस विधान की सतर्क चर्चा कीजिए । 15

(P.T.O)

4. कवि भवानीप्रसाद मिश्र की ' गीत-फरोश 'कविता का भावार्थ लिखते हुए उसके अंतर्निहित व्यंग्य को स्पष्ट कीजिए । 15

अथवा

4. ' गीति ' कविता का भाव–सौंदर्य स्पष्ट कीजिए । 15

5. किन्हीं एक पर टिप्पणी लिखिए : 10

(क) ' पंचवटी ' में निरूपित नारी भावना ।

(ख) ' पंचवटी ' में प्रकृति-चित्रण ।

(ग) ' कहने लगा चांद ' कविता का उद्देश्य ।

(घ) ' तोडती पत्थर ' की उद्‌विग्न श्रमिक महिला ।

6. (अ) किन्हीं तीन के अनेकार्थी शब्द लिखिए : 03

गो, जलज , अक्ष, निशाचर , हरि ।

(आ) किन्हीं तीन शब्दों के शुद्ध रूप लिखिए : 03

प्रसंसा, भासा, अर्निवार्य, द्रेष, विध्या।

(इ) किन्हीं तीन वाक्यों को शुद्ध कीजिए : 03

(1) बहुत से रूस के विद्‌वान यहाँ आये हैं । (2) घोड़े चार पैर रखते हैं।

(3) उसने भाषण दिया। (4) श्री सिंह मेरे अपने पिता हैं। (5) शत्रु उस पर टूट गये।

(ई) किन्हीं तीन मुहावरों के अर्थ बताकर वाक्य में प्रयोग कीजिए : 03

(1) ईंट का जवाब पत्थर से देना। (2) आस्तीन का सांप। (3) हाथ बंटाना।

(4) जहर उगलना। (5) नानी याद आना।

(उ) किन्हीं तीन लोकोक्तियों के अर्थ लिखिए : 03

(1) अधजल गगरी छलकत जाय। (2) चोर– चोर मौसेरे भाई ।

(3) लातों के भूत बातों से नहीं मानते। (4) नाच न जाने आंगन टेढ़ा।

(5) सांप मरे , न लाठी टूटे।

(ऊ) किन्हीं एक विषय का पल्लवन कीजिए : 05

(1) आवश्यकता आविष्कार की जननी होती है। (2) एकमेव उपाय है : जागो !

(3) श्रममेव जयते। (4) योग्यता ही से संभव उन्नति।

(5) जाको राखे साइयां , मार सके न कोई।